

# अलबेलेपन में आकर कहीं अपना ही तो नुकसान नहीं कर रहे...!

वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. सूर्य,माउण्ट आबू

संगमयुग पर हमें विजयी बनना है। संगमयुग की विजय हमें वरदान दिलायेगी, हर जन्म, हर कदम पर विजय हो। हर फील्ड में विजय हो। तो हम रोज़ सवेरे बाबा से विजय का तिलक लेंगे और किन-किन चीज़ों पर हमें विजयी बनना है उसके लिए बहुत अच्छा चिंतन करेंगे। और सुबह उठते ही इस तरह बाबा से शक्तियाँ भरेंगे। रोज़ उठते ही बहुत सुंदर संकल्प के साथ मस्तक सिंहासन पर बैठेंगे... भृकुटी की कुटिया में... इस सिंहासन पर मैं राजा हूँ... मन-बुद्धि की मालिक... ईश्वरीय शक्तियों से भरपूर... संकल्प करें, मैं मास्टर सर्वशक्तिवान और विजयी रतन हूँ, इस माया पर हमने कल्प-कल्प विजय पाई है, अनगिनत बार विजय पाई है। अपने में विश्वास भर लें, अब भी मेरी विजय निश्चित है। मैं चमकती मणि, मुझसे चारों ओर रंग-बिरंगी किरणें फैल रही हैं...।

## हमें स्वयं पर विजयी होना है

हमें विजयी बनना है, स्वयं पर विजय। और जो मनुष्य स्वयं पर विजय प्राप्त करना सीख लेता है, वो सभी के दिलों पर भी राज करने लगता है। कार्य व्यवहार में, संगठन में ज़्यादा खींचातान की ज़रूरत नहीं होती, सहज भाव से सब कार्य चलने लगते हैं। तो हम बहुत अच्छा संकल्प करें। हम सभी को ये जानना चाहिए कि विजय किस-किस पर, एक बहुत महत्वपूर्ण बात, अपने इमोशन्स पर विजय। कई लोग समय की परिस्थितियों के कारण बहुत इमोशनल हो गये हैं, कलियुग के अंत तक आते-आते, बार-बार हार खाते-खाते नाज़ुक स्थिति हो गई है। बस कोई कुछ कहे, आँखों में आंसू, कोई छोटी-सी घटना हो, मन परेशान। चेक कर लें अपने को, इमोशनल होने से अब काम नहीं चलेगा। जो बहुत इमोशनल रहेंगे, भावुकता बहुत, सेंसिटिविटी बहुत, ज़्यादा कमज़ोर दिल, कमज़ोर मन, उनपर होने वाली घटनायें तुरंत गहरा और बुरा प्रभाव डालेंगी। अब हमारे सामने चुनौतियां हैं कि मानसिक रोग से भरा वातावरण हमारे सामने है और बढ़ रहे हैं। इसलिए अपने को बहुत शक्तिशाली बनाना ही है।

## अचानक होगा... ये बाबा ने पहले ही बताया है

बहुतों के घरों में अचानक मृत्यु हो रही हैं। ये तो बाबा ने बहुत पहले से कहा हुआ है। अब से पचास साल पहले कहा था, अचानक होगा, और तब से कहते आये हैं। हम सब को याद दिलाते आये हैं। लेकिन हमें इतना कमज़ोर नहीं होना है कि अचानक कुछ हो जाये और हम बहुत ढ़ीले पड़ जायें। बहुत आवश्यक है एक बात, अति आवश्यक, कईयों के परिवार में जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो बाबा से नाराज़ हो जाते हैं कि बाबा ने हमारे लिए कुछ नहीं किया। ये सब भी ज्ञान की बहुत बड़ी कमी है। इसलिए अपनी शक्तियों को भी बढ़ायेंगे।

## कर्मों की गति को यथार्थ समझना है

हमें कर्मों का ज्ञान, ये जो श्रेष्ठ गति काम कर रही है इस समय, समय की गति, इस समय की गति का ज्ञान, ये बहुत आवश्यक है। तो सभी इस ड्रामा के खेल को ज़रा गहराई से समझते चलें कि जो कुछ यहाँ हो रहा है उसमें बाबा कर रहा है, ऐसा नहीं है। बाबा का कार्य तो दिव्य कार्य है युग बदलने का। बाबा का कार्य तो मदद करने का, सद्ज्ञान देने का, सबमें बल भरने का है, बाकी सब के साथ जो कुछ हो रहा है, वो उनके कर्मों का खेल चल रहा है। इसको सम्पूर्ण रूप से जानकर हम बहुत सहज भाव और साक्षी भाव धारण करेंगे। तो सभी को रोज़ सवेरे के समय बहुत अच्छी स्थिति को बना लेना है स्वमान से, सुंदर संकल्पों से ताकि हम अपने को चार्ज कर दें रोज़। ये आदत सबको डालनी है।



**जैतवारा-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज के सुरक्षा सेवा प्रभाग एवं सेना के जवान व पुलिसकर्मियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में पचमढ़ी सेवाकेन्द्र संचालिका एवं सुरक्षा सेवा प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्र.कु. संध्या दीदी, फरीदाबाद हरियाणा से ब्र.कु. पूजा बहन, टी.आई. विजय सिंह,जैतवार पुलिस थाना, आर्मी से सुबेदार दिवाकर सिंह, डॉ. आर.एन. कुशवाहा, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मीना बहन, ब्र.कु. मनोज कुमार, ब्र.कु. हरिकृष्ण आदि उपस्थित रहे।



**चंपारण-छ.ग.।** ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवाकेन्द्र के सिल्वर जुबली एवं सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए ब्रह्मानंद साहू,अध्यक्ष,साहू समाज अभनपुर, ब्र.कु. नारायण भाई,इंदौर, ब्र.कु. पुष्पा बहन,संचालिका,नवापारा, सौरभ भाई,बिज़नेसमैन,दिल्ली, ब्र.कु. सतीश,ओआरसी,गुरूगाम, ब्र.कु. माखन, ओआरसी, गुरूग्राम, ब्र.कु. अनिल,शांतिवन तथा अन्य।



**धमतरी-छ.ग.।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित स्वर कोकिला लता मंगेशकर के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्रीमति भारती नायडू,संचालिका,कला निकेतन संगीत महाविद्यालय एवं समाजसेविका धमतरी, श्रीमति ममता खालसा,शिक्षिका, सिमरन खालसा, ब्र.कु. सरिता दीदी, कामिनी कौशिक, ब्र.कु. नवनीता दीदी तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे।



**सारंगपुर-म.प्र.।** शिव मंदिर की स्थापना के अवसर पर नगर में सेवारत महादेव मित्र मंडल के सदस्यों को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. भाग्यलक्ष्मी बहन।



**दिल्ली-पीतमपुरा।** 'स्ट्रेस फ्री लाइफ' कार्यक्रम के दौरान समूह चित्र में विद्यार्थी, टीचर्स, ब्र.कु. प्रभा, प्रॉपर्टी डीलर तारिक अरोरा, टीचर गीतिका जी तथा अन्य।



**जयपुर-राजापार्क(राज.)।** 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत युवा प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपक्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. पूनम दीदी, रिटा. आर.ए.एस. महेश नारायण शर्मा, कला एवं संस्कृति विभाग राजस्थान के संयुक्त सचिव पवन कुमार ओझा, व्यवसाय विभाग के पूर्व प्रमुख प्रो. अशोक कुमार शर्मा तथा अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।



**तुसुरा-बालंगीर(ओडिशा)।** महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमति तुकुनी साहू को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. अर्पिता बहन।



**नगरा-उ.प्र.।** विधानसभा रसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् ईश्वरीय साहित्य एवं प्रसाद भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. नीलम बहन।



**भीनमाल-राज.।** जालोर महोत्सव के दौरान भीनमाल गवर्नमेंट स्कूल के ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम जवाहरराम चौधरी, ब्र.कु. गीता बहन, डॉ. श्रवण मोदी, योगा टीचर पारसमल घांची तथा जोरावर सिंह राव उपस्थित रहे। इस दौरान 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत 'सच्ची आजादी' विषयक जीवंत झाँकी का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्र.कु. गीता बहन सहित, ब्र.कु. सुनीता बहन,रानीवाड़ा तथा ब्र.कु. शैल बहन,मंडार ने सभी को सच्ची आज़ादी एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर स्पष्ट रूप से सम्बोधित किया।



**जम्मू-बी.सी. रोड(रियासी)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान चरणदीप सिंह,उपायुक्त,रियासी, राजयोगिनी ब्र.कु. सुदर्शन दीदी,संचालिका,ब्रह्माकुमारीज़ जम्मू-कश्मीर लद्दाख,उत्तरी ज़ोन कोऑर्डिनेटर,स्पोर्ट्स विंग,ब्रह्माकुमारीज़, संजय बदयाल,सहायक आयुक्त,राजस्व, वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. रविंदर भाई, ब्र.कु. पल्लवी बहन,स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका तथा बड़ी संख्या में भाई-बहनें उपस्थित रहे।


## « आवश्यक सूचना »

सरोज लालजी महरोत्रा ग्लोबल नर्सिंग कॉलेज, शिवमणि होम के पास, तलहटी आबूरोड,सिरोही, राजस्थान में महिला एम.एस.सी नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है।

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मेडिकल सर्जिकल स्पेशलिटी में एम.एस.सी नर्सिंग

**अनुभव :** कम से कम 4 वर्ष का शिक्षण अथवा क्लिनिकल अनुभव

**सम्पर्क करें**

**मोबाइल नं:** 8094652109

**ई-मेल :** slmgnc.raj@gmail.com